# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, कनहर निर्माण खण्ड–तृतीय, पिपरी–सोनभद्र

पत्रांक : 738 / क0नि0ख0–3,पि0 / /दिनांक 31/10/2019

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
रेनुकूट, वन प्रभाग,
रेनुकूट।

विषयः–जनपद सोनभद्र में कनहर सिचांई परियोजना के मुख्य नहरों एवं प्रणालियों हेतु रेनुकूट वन प्रभाग की 103.675 हे0 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 18282 वृक्षों का पातन तथा ओबरा वन प्रभाग की 23.4787 हे0 आरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 2928 वृक्षों का पातन अर्थात् कुल 127.1637 आरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं कुल बाधक 21210 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भ:– 1. क्षेत्रीय सशक्त समिति (आर.ई.सी.) की बैठक दिनांक :08.08.2019 की कार्यवाही आर. ई.सी. एजेण्डा आइटम 40–8–यूपी।
2. आपका पत्रांक 1031 / रेनुकूट / 15–117 रेनुकूट दिनांक 23.09.2019
3. प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा के पत्रांक–665 / ओबरा / 29, दिनांक 04.09.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में क्षेत्रीय सशक्त समिति (आर0ई0सी0) की बैठक दिनांक 8.8.2019 की कार्यवाही में अवशेष प्लांटेशन (1295 हे0) तथा वन संवर्धन (666 हे0) हेतु Detailed Estimate सम्मिलित करने के लिए निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा द्वारा अपने संदर्भित पत्र द्वारा वनीकरण हेतु चयनित वनभूमि (500 हे0) एवं आप द्वारा अपने संदर्भित पत्र द्वारा चयनित वन भूमि (800 हे0) तथा पूर्व में किये गये वनीकरण से संबंधित 666 हे0 क्षेत्र में संवर्धन वनीकरण हेतु चयनित क्षेत्रों का KML File Geo-reference map & Topo Sheet तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में उपरोक्त वनभूमि का KML File Geo-reference map & Topo Sheet 6–6 प्रतियों में तैयार कर आपकी सेवा में अग्रिम एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त आपत्तियों के क्रम में तैयार अभिलेखों को प्रतिहस्ताक्षरित कर आनलाइन अपलोड कराते हुए वन भूमि हस्तान्तरण की अग्रिम कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने की कृपा करें।

अधिशासी अभियन्ता
कनहर निर्माण खण्ड–तृतीय
पिपरी–सोनभद्र

पत्रांक :– 738 / क0नि0ख0प्र0 / /तदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संदर्भित पत्र के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता, कनहर सिंचाई परियोजना, विन्ध्याचल, मिर्जापुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, कनहर निर्माण मण्डल, पिपरी–सोनभद्र।
3. प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा, वन प्रभाग, ओबरा।

अधिशासी अभियन्ता
कनहर निर्माण खण्ड–तृतीय
पिपरी–सोनभद्र